# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/1349
दिनांक : 16.08.2021

## विज्ञप्ति

मा0 परीक्षा समिति की दिनांक 07.06.2019 को आहूत हुई बैठक के मद संख्या–13 के संकल्प में यह निर्णय लिया गया था कि आगामी होने वाली समस्त प्रयोगात्मक एवं आन्तरिक परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर ऑनलाईन ही स्वीकार किये जायेंगे। उक्त के पश्चात पुनः परीक्षा समिति द्वारा दिनांक 15.06.2021 की बैठक के मद संख्या–10(2) के संकल्प में भी यही निर्णय लिया गया और तत्क्रम में गोपनीय विभाग की विज्ञप्ति संख्या–गोप0/35, दिनांक 15.06.2020 तथा गोप0/प्रयो0/1167, दिनांक 29/30.06.2021 जारी की गयी थी।

प्रायः यह देखने में आया है कि महाविद्यालयों द्वारा मा0 परीक्षा समिति के उक्त निर्णय का अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया जाता है अर्थात् प्रयोगात्मक/आन्तरिक/मौखिक परीक्षाओं के अंक ऑनलाईन अपलोड नहीं किये जाते हैं जिससे छात्र/छात्राओं को विभिन्न प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। यह भी देखने में आया है कि महाविद्यालय उक्त परीक्षाओं के अवार्ड शीट ऑनलाईन/ऑफलाईन स्वयं प्रेषित न कर अवार्ड शीट छात्र/छात्राओं को उपलब्ध करा देते हैं जिससे उनकी गोपनीयता भंग होने की आशंका बनी रहती है। यह अत्यन्त ही खेद का विषय है जिस पर मा0 कुलपति जी द्वारा भी समय–समय पर असंतोष व्यक्त किया जाता रहा है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में **मा0 परीक्षा समिति के निर्णय एवं मा0 कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक (राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित) महाविद्यालयों/संस्थानों को एतद्द्वारा पुनः सूचित किया जाता है कि प्रयोगात्मक/आन्तरिक/मौखिक परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन ही स्वीकार किये जायेंगे तथा किसी भी दशा में अवार्ड शीट छात्र/छात्राओं को न उपलब्ध करायी जाए जिससे प्रयोगात्मक/आन्तरिक/मौखिक परीक्षाओं की गरिमा एवं शुचिता बनी रहे।** यदि किसी महाविद्यालय/संस्थान द्वारा उक्त परीक्षाओं के अंक ऑनलाईन अपलोड नहीं किये जाते हैं और अवार्ड शीट छात्र/छात्राओं को उपलब्ध करायी जाती है तो विश्वविद्यालय द्वारा विवश होकर उनके विरुद्ध विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक का होगा।

16.08.21

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि :–

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव/परीक्षा नियन्त्रक को कुलसचिव/परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र को सूचनार्थ।
5. प्रभारी, वेबसाईट चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
6. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)